आकाशवाणी भोपाल
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 04.04.2024 समय : 02.10 pm

लोकसभा चुनाव नामांकन

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में प्रदेश की सात सीटों के लिए नामांकन पत्र जमा करने का आज अंतिम दिन है। दोपहर तीन बजे तक नामांकन पत्र स्वीकार किए जाएंगे। दूसरे चरण के लिए 28 मार्च से नामांकन पत्र भरने की शुरुआत हुई थी। कल तक 54 प्रत्याशियों ने 73 नामाकंन पत्र जमा किए हैं। दूसरे चरण में टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा, होशंगाबाद और बैतूल में चुनाव होने हैं। 5 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 8 अप्रैल तक प्रत्याशी नाम वापस ले सकेंगे। इन सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। सभी चरणों के मतदान की मतगणना 4 जून को होगी।

प्रचार कार्यक्रम

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के चलते राजनेताओं के चुनावी दौरे लगातार जारी है। आज मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव बैतूल, नर्मदापुरम और दमोह जिले के प्रवास पर है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव बैतूल में पार्टी प्रत्याशी दुर्गादास उइके के नामांकन में शामिल हो रहे हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री नर्मदापुरम में पार्टी प्रत्याशी दर्शन सिंह चौधरी के नामांकन में शामिल होंगे। दोपहर बाद दमोह पहुंचकर श्री यादव स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा भी दमोह में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। उधर मध्यप्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महासचिव जितेंद्र सिंह , प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी , राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा ने आज रीवा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी नीलम मिश्रा के नामांकन कार्यक्रम में शामिल हुए।

मतदाता जागरुकता

प्रदेश में इन दिनों मतदाता जागरुकता के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। छिंदवाड़ा जिले में पोस्टमैन घर घर डाक, पार्सल समेत सामान्य डाक के माध्यम से मतदान के लिए प्रेरित कर रहे है। वहीं विभाग के एटीएम व डाकघरों में भी लोकतंत्र के महापर्व चुनाव की प्रक्रिया को मजबूती प्रदान करने मतदान के महत्व का बताया जा रहा है। जिला मुख्यालय में बीते एक सप्ताह में पोस्टमैनों ने 25 हजार से अधिक घरों में चुनाव का पर्व, देश का गर्व संदेश को पहुंचाया है। लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर भोपाल कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी कौशलेंद्र विक्रम सिंह लगातार जन जागरूकता के कार्यक्रमों को चलाने का काम कर रहे है। जिसके तहत वाहन रैली के अलावा मल्टीप्लेक्स में फ्री मूवी टिकिट के साथ ही मोहल्ला आर्केस्ट्रा के माध्यम से जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है। स्वीप गतिविधि के तहत आज मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। आज निवाड़ी में अंबेडकर चौराहा से टैक्सी स्टैंड तक स्वीप

कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग रैली का आयोजन किया गया जिसमें मतदाताओं से मतदान करने की अपील की गई ।

जनता की आवाज-आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज- आकाशवाणी के साथ' नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया गया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा वोट डालने के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

भोजशाला सर्वे

आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की टीम आज 14वें दिन भी धार की भोजशाला का सर्वे कर रही है। टीम ने बताया कि दोनों कोर्ट के आदेशों का पालन करते हुए खुदाई का काम हो रहा है। साथ ही आगे कहां खुदाई होनी है उसके लिए मैपिंग की जा रही है।

मौसम

प्रदेश में अप्रैल महीने में आंधी-बारिश का ट्रेंड रहा है। इस बार भी ऐसा ही होने जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार 7 अप्रैल से अगले 2 दिन प्रदेश के कई जिलों में आंधी-बारिश का दौर रहेगा। जबलपुर, भोपाल, शहडोल, रीवा समेत 18 जिलों में बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार 5 अप्रैल से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसका असर 1-2 दिन के बाद प्रदेश में देखने को मिलेगा। खासकर प्रदेश के पूर्वी हिस्से में बारिश, आंधी और बादल रहेंगे।

समाचार संक्षेप :–

- अभिभावकों को दुकान विशेष से कॉपी-किताबें, यूनिफार्म, जूते, टाई, बैग आदि खरीदने के लिये बाध्य करने वाले निजी स्कूलों के विरुद्ध जबलपुर में शुरू की गई मुहिम के तहत अब तक 34 निजी स्कूलों पर कार्रवाई हो चुकी है।
- शिवपुरी जिले में मतदान दल में शामिल मतदान कर्मियों को प्रथम प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिले की पांच विधानसभा क्षेत्रों में संबंधित मुख्यालय पर यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। ईवीएम मशीन से लेकर मतदान दलों की क्या भूमिका है इसके बारे में पूरी जानकारी मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दी गई।
- परिवार की सुख समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना को लेकर आगरमालवा जिले में महिलाओं द्वारा आज दषामाता की पूजा अर्चना पीपल के वृक्ष की परिक्रमा कर सूत का धागा बांधकर विधि विधान से की गई। वही व्रत रखकर कहानी भी सुनी गई।

....